भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1082

उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

बिहार में विश्वविद्यालयों की स्थापना

1082. **श्री सुधाकर सिंह:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दस वर्षों के दौरान बिहार में कितने नए विश्वविद्यालय खोले गए हैं;

(ख) विगत दस वर्षों के दौरान बिहार में खोले गए अथवा खोले जाने के लिए प्रस्तावित विश्वविद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बक्सर, बिहार में एक ऐसा विश्वविद्यालय खोलने का प्रस्ताव है, जो भगवान राम का गुरुकुल है और भारत के ज्ञात इतिहास में पहला विद्यालय है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस विश्वविद्यालय के कब तक कार्यशील होने की संभावना है;

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का बिहार के बक्सर में विश्वविद्यालय खोलने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख): अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021-22 के अनुसार, विगत 10 वर्षों के दौरान बिहार में चौदह (14) विश्वविद्यालय और दो (02) राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (आईएनआई) स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने मौजूदा राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार को परिवर्तित करके डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (पूर्ववर्ती राज्य विश्वविद्यालय) की स्थापना की है। इन विश्वविद्यालयों की सूची अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(ग) से (च): राज्य सार्वजनिक और निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना संबंधित राज्य विधानमंडलों द्वारा पारित अधिनियम द्वारा की जाती है। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना संसद के अधिनियम द्वारा की जाती है तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत यूजीसी की सलाह पर भारत सरकार द्वारा समविश्वविद्यालय घोषित किया जाता है। वर्तमान में, वर्ष 2015 में बिहार के लिए प्रधानमंत्री पैकेज में की गई घोषणा के अनुसार, भागलपुर के निकट विक्रमशिला विश्वविद्यालय ऐतिहासिक के स्थल में एक नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना का एक प्रस्ताव इस मंत्रालय के पास विचाराधीन है। बिहार में किसी नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना का कोई अन्य प्रस्ताव इस मंत्रालय के पास विचाराधीन नहीं है।

****

अनुलग्नक

माननीय संसद सदस्य श्री सुधाकर सिंह द्वारा 'बिहार में विश्वविद्यालयों की स्थापना' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1082 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

विगत 10 वर्षों के दौरान बिहार में स्थापित विश्वविद्यालयों की सूची			
क्र. सं.	**विश्वविद्यालय का नाम**	**स्थापना**	**विश्वविद्यालय का प्रकार**
1	महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी	2014	केंद्रीय विश्वविद्यालय
2	के के विश्वविद्यालय	2017	राज्य निजी विश्वविद्यालय
3	डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय	2018	राज्य निजी विश्वविद्यालय
4	एमिटी यूनिवर्सिटी पटना	2017	राज्य निजी विश्वविद्यालय
5	पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना	2018	राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय
6	मुंगेर विश्वविद्यालय	2018	राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय
7	अल-करीम विश्वविद्यालय	2018	राज्य निजी विश्वविद्यालय
8	बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय	2016	राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय
9	पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया	2018	राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय
10	संदीप विश्वविद्यालय	2017	राज्य निजी विश्वविद्यालय
11	गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय	2019	राज्य निजी विश्वविद्यालय
12	माता गुजरी विश्वविद्यालय	2018	राज्य निजी विश्वविद्यालय
13	बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय	2021	राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय
14	बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय	2021	राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय
15	भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), बोधगया	2015-16	राष्ट्रीय महत्व का संस्थान
16	भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), भागलपुर	2017	राष्ट्रीय महत्व का संस्थान
17	डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा	2016	केंद्रीय विश्वविद्यालय